सान्ध्य हिन्दी दैनिक जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष - 02 | अंक - 147 | जौनपुर, गुरूवार, 22 फरवरी 2024 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज - 4 | मूल्य - 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### अंतरिक्ष में एस्ट्रोनाट भेजने की तैयारी

नई दिल्ली, एजेसी। गगनयान मिशन के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने क्रायोजेनिक इंजन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया जो भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाने की शक्ति प्रदान करेगा। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने अपने सीई20 क्रायोजेनिक इंजन की मानव रेटिंग पूरी कर ली है जो लॉन्च व्हीकल मार्क II के क्रायोजेनिक चरण को अंतरिक्ष में ले जाएगा। गगनयान मिशन की पहली उड़ान में भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को लॉन्च करने के लिए हेवी–लिफ्ट वाहन को चुना गया है। परीक्षण वैक्यूम इग्निशन परीक्षणों की श्रृंखला का सातवां परीक्षण, इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स, महेंद्रगिरि में उच्च ऊंचाई परीक्षण सुविधा में आयोजित किया गया था, जहां इंजीनियरों ने उड़ान स्थितियों का अनुकरण किया था। इसरो ने कहा कि सीई20 इंजन की मानव रेटिंग के लिए जमीनी योग्यता परीक्षणों में जीवन प्रदर्शन परीक्षण, सहनशक्ति परीक्षण और नाममात्र परिचालन स्थितियों के साथ–साथ ऑफ–नोमिनल स्थितियों जैसे जोर, मिश्रण अनुपात और प्रणोदक टैंक दबाव के तहत प्रदर्शन मूल्यांकन शामिल था। गगनयान कार्यक्रम के लिए सीई20 इंजन की जमीनी योग्यता परीक्षण पूरे हो गए हैं।

### नहीं रहे रेडियो की दुनिया के बादशाह अमीन सयानी

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रतिष्ठित रेडियो होस्ट अमीन सयानी का 91 वर्ष की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनके बेटे राजिल सयानी ने इसकी जानकारी दी। राजिल सयानी ने कहा कि उनके पिता को मुंबई के एचएन रिलायंस अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। उन्होंने बताया कि अंतिम संस्कार गुरुवार को किया जाएगा। 21 दिसंबर, 1932 को मुंबई में जन्मे अमीन सयानी पीढ़ियों से एक घरेलू नाम थे, उन्होंने अपनी सुरीली आवाज और आकर्षक शैली से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। उन्होंने अपना करियर अंग्रेजी भाषा के प्रसारक के रूप में शुरू किया और भारत की आजादी के बाद हिंदी में स्थानांतरित हो गये। सयानी ने अपने रेडियो कार्यक्रम श्गीतमालाश के माध्यम से काफी लोकप्रियता हासिल की, जिसने भारत में रेडियो सुनने को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सयानी द्वारा आयोजित गीतमाला, एक राष्ट्रीय घटना बन गई, जिसने लोकप्रिय हिंदी फिल्म संगीत का प्रदर्शन किया और दशकों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रोताओं को ष्बहनों और भाइयोंष के रूप में संबोधित करने का उनका विशिष्ट तरीका तुरंत पहचाना जाने लगा और व्यापक रूप से उसका अनुकरण किया गया।

## किसानों पर पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

नई दिल्ली, एजेंसी। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) गारंटी पर केंद्र के साथ बातचीत विफल होने के बाद, किसान अपने दिल्ली चलो विरोध मार्च को फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। इसलिए पंजाब–हरियाणा सीमा पर सुरक्षा बलों ने रुक–रुक कर आंसू गैस के गोले दागे। किसानों के साथ पिछले दौर की बातचीत का हिस्सा रहे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने एक बार फिर उनसे बातचीत की पेशकश की। दिल्ली चलो मार्च पर किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि हमने तय किया है कि कोई भी किसान, नौजवान आगे नहीं बढ़ेगा। नेता आगे बढ़ेंगे। हम शांति से जाएंगे. .. अगर वे (केंद्र सरकार) एमएसपी पर कानून बना दें तो यह सब खत्म हो सकता है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि सरकार चौथे दौर के बाद पांचवें दौर में सभी मुद्दे जैसे की एमएसपी की माँग, फसल विविधीकरण, पराली का विषय, थ्प् पर बातचीत के लिए तैयार है। मैं दोबारा किसान नेताओं को चर्चा के लिए आमंत्रित करता हूँ। हमें शांति बनाये रखना जरूरी है। हरियाणा पुलिस ने पंजाब के समकक्षों से पुलिस बैरिकेड्स को हटाने के लिए प्रदर्शनकारियों द्वारा लाए गए उपकरणों को जब्त करने का आग्रह किया है। 1,200 ट्रैक्टर ट्रॉली, 300 कारों और 10 मिनी बसों के साथ लगभग 14,000 किसान सीमा पर एकत्र हुए हैं।

## भारत और ग्रीस सैन्य-कारोबार सहयोग बढ़ाने को तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के रिश्ते तो समूचे यूरोपीय संघ के साथ मजबूत हो रहा है लेकिन जिस रफ्तार से यहां के देश ग्रीस के साथ रिश्ते प्रगाढ़ हो रहे हैं वह सबसे उल्लेखनीय है। बुधवार (21 फरवरी, 2024) को ग्रीस के प्रधानमंत्री किरिकोस मित्सोटाकिस की पीएम नरेन्द्र मोदी के साथ शीर्षस्तरीय बैठक हुई जिसमें एक तरफ द्विपक्षीय कारोबार को दोगुना करने का फैसला किया गया तो दूसरी तरफ आपसी सैन्य सहयोग को भी बढ़ाने पर सहमति बनी। दोनो नेताओं के बीच एक वर्ष के भीतर यह दूसरी बैठक थी। यूरोपीय देशों में अपने कारोबार व उत्पादों की पहुंच बनाने में जुटे भारत के लिए ग्रीस एक प्रमुख प्रवेश द्वार के तौर पर स्थापित हो सकता है। मोदी और मित्सोटाकिस के बीच दोनो देशों के बीच मोबिलिटी समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने पर भी बात हुई ताकि वहां भारतीय कामगारों को बेहतर माहौल मिल सके। ग्रीस के प्रधानमंत्री के साथ बैठक के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हमारे बीच कई क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बात हुई है। हम समहत है कि हर तरह के वैश्विक तनाव का समाधान वार्ता व कूटनीति से की जा सकती है। भारत ग्रीस की तरफ से हिंद प्रशांत क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाने का स्वागत करता है। दोनो नेताओं के बीच आतंकवाद के मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा हुई है। पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद पर भारत व ग्रीस के समक्ष एक जैसी ही चुनौतियां हैं। इस बार में चर्चा आगे भी जारी रखी जाएगी कि आतंकवाद के खिलाफ किस तरह से एख दूसरे की मदद की जाए। पीएम मोदी ने अगस्त, 2023 में ग्रीस की यात्रा की थी। वहां उन्हें




ग्रीस का सबसे बड़ा नागरिक सम्मान दिया गया था। तब दोनो देशों ने एक दूसरे के साथ रिश्ते को रणनीतिक संबंध का दर्जा दिया था। भारत की कूटनीति में ग्रीस के तेजी से उभरने की एक वजह तुर्किये को भी बताया जाता है जिसके संबंध भारत व ग्रीस दोनों से खराब हैं। मोदी ने अगर पिछले साल 40 वर्षों बाद ग्रीस जाने वाले भारतीय प्रधानमंत्री बने थे मित्सोटाकिस 16 वर्षों बाद भारत आने वाले ग्रीस के पीएम हैं। राष्ट्रपति भवन में उनका राजकीय सम्मान किया गया। मोदी के नेतृत्व में भारतीय सरकार की टीम के साथ वार्ता करने के बाद उन्होंने कहा कि पीएम मोदी में मुझे एक दूरदर्शी नेता और सच्चा मित्र दिखता है। भारत आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। ग्रीस के पीएम ने भारत के साथ जल्द होने वाले मोबिलिटी समझौते को काफी महत्वपूर्ण माना। भारत को एशिया प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता के लिए एक अहम शक्ति करार देते हुए उन्होंने दोनो देशों के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाने की संभावना जताई। दोनो देशों के बीच सैन्य सहयोग को लेकर बातचीत जारी है। मोदी और मित्सोटाकिस के बीच हुई वार्ता में कारोबार सहयोग को लेकर भी विस्तार से बात हुई है। दोनों देशों ने वर्ष 2030 तक अपने द्विपक्षीय कारोबार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। भारत की कंपनियों का ग्रीस में निवेश बढ़ रहा है।

## सात साल में 12.80 लाख करोड़ से 26 लाख करोड़ के पार पहुंचा बैंकिंग व्यवसाय

लखनऊ, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बैंकों का सीडी रेशियो (ऋण जमानुपात) 58.59: होने पर प्रसन्नता जताते हुए आगामी वित्तीय वर्ष में इसे 65 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए बैंकों को हर संभव सहायता और सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय साक्षरता का कवरेज सभी 75 जिलों तक करने के लिए मिशन मोड में काम करने का आह्वान किया है। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में चालू वित्तीय वर्ष के दिसंबर 2023 में समाप्त तिमाही की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि हर जरूरतमंद और ऊर्जावान युवा को ऋण के रूप में वित्तीय प्रोत्साहन उपलब्ध कराने के हमारे प्रयासों में बैंकों ने सराहनीय भूमिका निभाई है। ऋण मेलों का यह क्रम आगे भी सतत जारी रहे। बैंक लोन देने में संकोच न करें। सरकार अपनी हर योजना में ऋण दिलाने से पहले लाभार्थी का प्रशिक्षण, क्षमता वृद्धि जरूर सुनिश्चित करायेगी। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना फैमिली आईडी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सभी बैंक, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों का पूरा डेटा उपलब्ध करायें। ताकि प्रदेश के हर परिवार की स्थिति का सही आकलन किया जा सके। अटल पेंशन, जीवन ज्योति बीमा, जनधन सहित विभिन्न सामाजिक



सुरक्षा योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुसार हर नागरिक को सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने वित्तीय समावेशन के प्रयासों में वन जीपी–वन बीसी (एक ग्राम पंचायत–एक बीसी सखी) कार्यक्रम की सराहना करते हुए बैंकों को बीसी सखियों को और प्रोत्साहन देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस एक कार्यक्रम ने महिलाओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है और यह फाइनेंशियल इनक्लूजन का शानदार उदाहरण बनकर उभरा है। वहीं, हालिया पेटीएम पेमेंट बैंक प्रकरण से उपजी स्थितियों से प्रभावित बीसी सखियों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने पर जोर दिया। बैंकों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कवरेज बढ़ाने और सीसीटीवी फुटेज को पुलिस व प्रशासन को आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराने के लिए सुचारू व्यवस्था बनाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि 2016–17 में प्रदेश में 12.80 लाख करोड़ का बैंकिंग बिजनेस था जो आज 26.80 लाख करोड़ के पार हो गया है। यह उत्साह जनक है। विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने बड़ौदा–यूपी ग्रामीण बैंक और आर्यावर्त ग्रामीण बैंक को राज्यांश प्रदान किया, साथ ही 1.10 लाख किसान क्रेडिट कार्ड , 1111 बैंकिंग आउटलेट का शुभारंभ और 10 बीसी सखियों को टूल किट वितरित किये। बैठक में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की सीजीएम निशा नाम्बियार की भी विशेष उपस्थिति रहीम उन्होंने डिजिटल बैंकिंग के विस्तार पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बैंकर्स कमेटी की बैठक राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रत्येक तीन माह में और जनपद में प्रत्येक माह करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत एचडीएफसी बैंक द्वारा 150 वनटांगिया गाँवों को अपनाने की प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया गया। बैंक इन ग्रामों में 75 स्मार्ट क्लासेज का निर्माण के साथ ही ही विकास के अनेक कार्य कराएगा।

## लोकसभा चुनाव से पहले खड़गे ने किया ऐलान, बोले– किसानों के साथ हैं कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने बीजेपी को जोरदार झटका देते हुए बड़ा ऐलान किया है। कांग्रेस चीफ मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोकसभा से पहले बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने 21 फरवरी को कर्नाटक के कलबुर्गी में कहा कि कांग्रेस किसानों के साथ हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार को किसान



की डिमांड मान लेनी चाहिए। कांग्रेस शुरुआत से ही किसान आंदोलन का समर्थन कर रही है। उसका कहना है कि सरकार को किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देना चाहिए। हम लोग किसानों का समर्थन कर रहे हैं। हम ये बात खुलकर कह रहे हैं कि उनकी उचित मांगें पूरी होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा, शहम अपने चुनावी घोषणापत्र में भी इस बात का ऐलान करने जा रहे हैं कि एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाएगी। सभी फसलों को कवर नहीं किया जा सकता है, लेकिन एमएसपी देने के लिए जरूरी फसलों को कवर किया जाना चाहिए। जहां उन्हें हरियाणा पुलिस ने रोका हुआ है। प्रदर्शनकारी किसान हरियाणा में दाखिल होकर दिल्ली आना चाहते हैं। सुबह जब किसानों ने बॉर्डर पर लगाए गए बैरिकेड्स को तोड़कर हरियाणा में दाखिल होने की कोशिश की तो पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। दूसरी ओर, सरकार लगातार किसानों संग वार्ता करने में जुटी हुई है।

## दिल्ली की लोकसभा सीटों के बंटवारे की चर्चा अंतिम चरण में, जल्द घोषणा की जाएगी - सीएम केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस के साथ पार्टी के गठबंधन पर सवालों का जवाब दिया। जब केजरीवाल से पूछा गया कि सीट बंटवारे में देरी क्यों हुई तो उन्होंने कहा, देखते हैं 1–2 दिनों में क्या होता है।ष केजरीवाल की यह टिप्पणी लोकसभा से पहले दिल्ली में आप और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे पर बातचीत पर सस्पेंस के बीच आई है। आप द्वारा कांग्रेस को दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में से केवल एक की पेशकश करने के बाद इंडिया ब्लॉक पार्टियों के बीच तनाव बढ़ गया। अरविंद केजरीवाल मे कहा, देखते हैं अगले 1–2 दिन में क्या होता है?...बहुत देरी हो गई है, जल्दी होना चाहिए। आप सांसद संदीप



पाठक ने पिछले हफ्ते कहा था, योग्यता के आधार पर कांग्रेस पार्टी दिल्ली में एक भी सीट की हकदार नहीं है, लेकिन श्गठबंधन के धर्मश को ध्यान में रखते हुए हम उन्हें दिल्ली में एक सीट की पेशकश कर रहे हैं। पाठक ने दिल्ली में लोकसभा सीटों पर पार्टी की पकड़ में कमी की ओर इशारा करते हुए कांग्रेस पर कटाक्ष किया था। पाठक ने कहा, दिल्ली में कांग्रेस पार्टी को लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में शून्य सीटें मिली हैं। एमसीडी चुनाव में कांग्रेस ने 250 में से 9 सीटें जीती हैं। विशेष रूप से, अरविंद केजरीवाल द्वारा यह घोषणा किए जाने के बाद कि आप वहां सभी 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी, पंजाब और चंडीगढ़ में कांग्रेस को उसके सहयोगी दल ने पहले ही तिरस्कृत कर दिया है। जहां दिल्ली में आप के साथ सीट–बंटवारे की बातचीत अधर में लटकी हुई है, वहीं कांग्रेस की अन्य भारतीय सहयोगी समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में गठबंधन के लिए तैयार हो गई है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच उत्तर प्रदेश में सीटों का बंटवारा हो गया है। दोनों ओर से आज आधिकारिक तौर पर कहा गया है कि हम आगामी लोकसभा चुनाव में मिलकर साथ लड़ेंगे। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि यह निर्णय लिया गया है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

## हर पंचायत में बैंकिंग कारेस्पोडेंट सखी रखना सरकार का लक्ष्य - गिरिराज सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी। ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट (बीसी) सखियों ने स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के लिए एनपीए को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सरकार हर पंचायत में कम से कम एक एक सखी रखने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि सखियां बैंकों और ग्रामीण आबादी के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी बन गई हैं। संस्थागत ऋण और अन्य बैंकिंग सुविधाओं तक पहुंच के साथ वह गांवों में लोगों की मदद के लिए घर–घर जाती हैं। सरकार स्वयं सहायता समूहों के साथ दस करोड़ से ज्यादा महिलाओं को जोड़ने पर फोकस कर रही है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के मुताबिक, अभी करीब 1,22,915 सखियां हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि मंत्रालय का लक्ष्य देशभर की करीब ढाई लाख पंचायतों में प्रत्येक में कम से कम एक बैंक सखी नियुक्त करना है। उन्होंने कहा,स्वयं सहायता



समूहों की महिलाएं भारत में उद्यमिता के लिए राजदूत हो सकती हैं। जब मोदी सरकार सत्ता में आई थी, तब स्वयं सहायता समूहों की एनपीए (गैर निष्पादित संपत्ति) 2014 में 9.59 फीसदी थी। अब यह घटकर 1.8 फीसदी हो गई है। मंत्रालय के मुताबिक, 2013–14 से स्वंय सहायता समूहों द्वारा करीब 6.96 लाख करोड़ रुपये बैंक ऋण जमा किया गया है। मंत्री ने कहा कि संस्थागत वित्त तक पहुंच और ब्याज पर दी गई छूट ने इन स्वयं सहायता समूहों में महिलाओं के लिए एक बड़ा अंतर पैदा किया है, जिसे उनके ऋण चुकाने की स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार का दृष्टिकोण सतत आजीविका और महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास प्रदान करना है। हम बैंकिंग तक पहुंच को और आसान बनाने के लिए सभी पंचायतों में बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट सखियों और बैंक सखियों को रखने पर विचार कर रहे हैं। स्वयं सहायता समूह की वह महिला जिसने कम से कम दसवीं कक्ष तक शिक्षा प्राप्त की है, उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता है और इन पदों पर तैनात किया है। बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट सखियों और बैंक सखियों में अंतर यह है कि बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट सखियां बैंकिंग तक पहुंच प्रदान करने के लिए गांव तक जाती हैं।

## लोकसभा चुनाव से पहले किसानों को साधेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह महा किसान रैली को संबोधित करने वाले हैं। रैली का उद्देश्य किसानों से जुड़ना है, और 1 लाख से अधिक किसानों के भाग लेने की उम्मीद है। यह कार्यक्रम किसानों को मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई लाभकारी योजनाओं के बारे में सूचित करने के लिए एक आउटरीच कार्यक्रम के रूप में काम करेगा। इसके अतिरिक्त, किसानों को सुझाव देने और अपनी चिंताएं व्यक्त करने का अवसर मिलेगा। भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने रैली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जोर दिया कि यह किसानों की समस्याओं को समझने और उनके सुझाव एकत्र करने पर केंद्रित होगी। किसानों को सरकार के विचार में योगदान देने के लिए अपने सुझाव या समस्याएं लिखने के लिए मतपेटियां उपलब्ध होंगी। चाहर ने पीएम किसान सम्मान निधि ा और फसल बीमा योजना समेत




किसानों के लिए मोदी सरकार की पहल की सराहना की। रैली में इन योजनाओं के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना शामिल होगा। राज्य के मंत्रियों और जन प्रतिनिधि ायों के भी भाग लेने की उम्मीद है। हरियाणा के सुरक्षा कर्मियों ने कुछ युवा किसानों द्वारा बुधवार को पंजाब और हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर कई चरणों वाले अवरोधकों की ओर बढ़ने के बाद आंसू गैस के गोले छोड़े। हरियाणा पुलिस ने सुबह करीब 11 बजे आंसू गैस के गोले छोड़े जिसके बाद युवा किसान बचने के लिए इधर–उधर भागते दिखे।

# ट्रक और एसयूवी में आमने सामने जबरदस्त टक्कर’



अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) संतोष कुमार। बीकापुर अयोध्या–प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार देर रात परोमा गांव के निकट ट्रक और एसयूवी में आमने–सामने जबरदस्त टक्कर हो जाने से घटनास्थल पर ही दो लोगों की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस और चौरे बाजार चौकी इंचार्ज ने दोनों के शवों को कब्जे में ले लिया।

कोतवाल लालचंद सरोज ने गुरुवार को बताया कि वाराणसी जनपद के 28 वर्षीय अग्निवेश सिंह पुत्र तेज बहादुर सिंह निवासी रमाकांतनगर पिशाच मोचन वाराणसी व थार चालक कानपुर जनपद के नगर निगम निवासी 36 वर्षीय प्रदीप कुमार पुत्र मनोज कुमार अयोध्या आ रहे थे कि रात 12रू15 बजे परोमा गांव के निकट हाइवे पर अयोध्या से सुल्तानपुर की तरफ जा रहे तेज रफ्तार ट्रक यूपी 43 एटी 4548 सामने से आ रही थार जीप यूपी 42 बीक्यू 0707 की टक्कर हो गई । इस दौरान थार जीप चकनाचूर हो गई और ट्रक ड्राइवर व खलासी गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। टक्कर के बाद दोनों गाड़ियां गड्ढे में चली गई। इस बड़ी घटना से परिजनों और रिश्तेदारों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवाए।

# जिलाधिकारी ने विकास कार्यों की लिया मासिक समीक्षा बैठक

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत



विभाग, सड़क निर्माण, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सहित अन्य विभाग जिनकी सीएम डैशबोर्ड पर ग्रेडिंग खराब थी उसकी समीक्षा की। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विवेक खन्ना को निर्देशित किया कि मुख्य बाजारों में एक्सएलपी केबल लगाने तथा जर्जर तारों को बदलने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा ऐसी सभी जगहे चिन्हित करें जहॉ जर्जर पोल है और उसको बदलने की आवश्यकता है। इसके साथ ही उन्होंने दैनिक विद्युत आपूर्ति, विद्युत बिल तथा आरडीएसएस स्कीम के संदर्भ में जानकारी लिया और पोल की रंगाई कराने का निर्देश दिया। उपनिदेशक कृषि से बीज डीबीटी, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि, नामांकित किसानों, पीएम फसल बीमा, जिला कार्यक्रम अधिकारी से आंगनबाड़ी के द्वारा संचालित कार्यक्रमों व निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्र, सैम, मैम बच्चों के संदर्भ में जानकारी ली। जिला पूर्ति अधिकारी से राशन की दुकानों, राशन कार्ड, अंत्योदय योजना सहित सम्बन्धित विभाग की अधिकारियों से कन्या विवाह सहायता योजना, वृद्धा पेंशन, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, सिल्ट सफाई, मत्स्य उत्पादन, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से अण्डा उत्पादन, कृतिम गर्भधान आदि के संदर्भ में जानकारी लेते हुए सीवीओ को निर्देशित किया कि चारागाहों में पशुओं को ससमय चारा व पेयजल मिले। समस्त खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी 75 मॉडल शॉप समय से बनाया जाए। इस प्रकार जिलाधिकारी ने समस्त विभागों के अधिकारियों से उनके विभाग की योजनाओं, ग्रेडिंग सहित अन्य आवश्यक बिन्दुओं के संदर्भ में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगो की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। कार्यालयों में साफ–सफाई रखे, जनहितकारी योजनाओं के प्रति गम्भीरता दिखाते हुए पात्रों एवं वंचितो का चयनकर योजनाओं का लाभ दिलाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बी.के. यादव, पीडी जयकेश त्रिपाठी, उपनिदेशक कृषि हिमान्शु पाण्डेय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अरुण कुमार यादव, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भारतीय मूल्यों पर आधारित हो शिक्षा - ए. विनोद

## शिक्षा में नए विकल्प की जरूरत – डा. विवेकानंद उपाध्याय

## इतिहास की शिक्षा भारतीय दृष्टि पर आधारित होः डा. विनोद जायसवाल

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कौशल



विकास प्रशिक्षण केंद्र में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सहसंयोजक और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा निगरानी समिति के सदस्य ए. विनोद ने गुरुवार को विश्वविद्यालय के शिक्षकों के साथ संवाद किया। मुख्य अतिथि ए. विनोद ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था भारतीय मूल्यों पर आधारित होनी चाहिए। कहा कि देश को बदलने के लिए समाज को बदलना होगा, इसके लिए शिक्षा व्यवस्था में भी बदलाव कर भारतीयता को लाना होगा। इसी उद्देश्य के साथ शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास शिक्षा के क्षेत्र में भारतीय विचारों को अपनाने के लिए लोगों को जागरूक कर रहा है। उनका मानना है कि जब शिक्षा जगत में भारतीयता की सोच होगी तभी देश उन्नति कर सकेगा। उन्होंने कहा कि भारत विश्वगुरु तभी बनेगा जब हम मॉ, मातृभूमि, और मातृभाषा को अपनाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा सिर्फ ज्ञान के लिए नहीं होनी चाहिए। यह तभी पूर्ण होगी जब इसमें मूल्य, कौशल और भारत की ज्ञान परंपरा का समावेश हो। इस अवसर पर न्यास के काशी प्रांत के संयोजक डॉ विवेकानंद उपाध्याय ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि हमारे न्यास का लक्ष्य है शिक्षा के क्षेत्र में मूल्यों और उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करना और समाज को एक सामूहिक और साथी बनाना। हम अपनी पहचान इस बात में ढूंढ रहे हैं कि हम अपने शिक्षा प्रोजेक्ट्स के माध्यम से विभिन्न समुदायों को शिक्षा के महत्व को समझाने, समृद्धि के माध्यम से स्वतंत्रता को बढ़ाने और संस्कृति को समृद्ध बनाने में सहायता कर सकें। कहा कि शिक्षा में नए विकल्प की जरूरत है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के डॉ. विनोद जायसवाल ने कहा कि देश की शिक्षा को भारतीय जनमानस के अनुरूप बनाने के लिए हमें चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास, मूल्यपरक शिक्षा के साथ दृसाथ वैदिक गणित, शिक्षा में स्वायत्तता, तकनीक शिक्षा के साथ–साथ इतिहास शिक्षा की भारतीय दृष्टि पर चिंतन करना होगा। इसके पूर्व रज्जू भैया भौतिकीय शोध संस्थान में निदेशक प्रो. प्रमोद यादव द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो. राजकुमार, प्रो. मिथिलेश सिंह, , डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. आलोक वर्मा, डॉ. श्याम कन्हैया, मंगला प्रसाद, डॉ. आलोक दास, डॉ. इंद्रजीत, डॉ. दिनेश कुमार सिंह, अमित मिश्र, रोशन राय, मणि राय आदि उपस्थित थे।

# चार दरिंदों ने महिला से किया सामूहिक दुष्कर्म

देवरिया, संवाददाता। कपरवार क्षेत्र में दरिंदगी की हदें पार करते हुए चार की संख्या में आए लोगों ने एक बगीचे से महिला को अगवा कर उससे सामूहिक दुष्कर्म किया। काफी तलाश के बाद महिला करीब दो घंटे बाद एक ईंट भट्ठे के पास से मिली। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर जांच की। आरोपी कार्यक्रम में आए थे। जहां से महिला को अगवा कर लिए। क्षेत्र के एक बगीचे में सोमवार शाम को कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें सभी लोग डीजे पर थिरकते हुए मौज–मस्ती कर रहे थे। इसी बीच चार लोग मौका देखकर महिला को उठा ले गए। जहां सभी ने एक ईंट भट्ठा स्थित पथेरी में ले जाकर बारी–बारी से दुष्कर्म किया।

# देश की सेवा का भाव जाग्रति करती है स्काउट गाइड–अनिल सिंह



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज बीटीसी जौनपुर में तीसरे दिन स्काउट गाइड प्रशिक्षण हुआ जिसमें सर्वप्रथम स्काउट गाइड झंडारोहण डीएलएड एचओडी आर. पी सिंह में किया आज के कार्यक्रम के की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने की एवंम मुख्य अतिथि राजस्थान के उद्योगपति अनिल सिंह रहे विशिष्ट अतिथि कर्नल आर.एस मोनी रहे।

मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहा स्काउट गाइड से हम सब देश की सेवा के साथ–साथ गरीबों की सेवा भी करने का अवसर देती है देश की बड़ी आपदाओं में स्काउट गाइड सहारा बनती है

विशिष्ट अतिथि कर्नल आर.एस मोनी ने अपने संबोधन में कहा स्काउट गाइड,एनसीसी हम सब को देश की सेवा के प्रति हमेशा समर्पित रहने का भाव उत्पन्न करती है

प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने कहा स्काउट गाइड देश की सेवा के लिए तैयार रहती है जिससे हम सब मिलकर बड़ी आपदाओं से बचने के प्रति जागरुक करते हैं अंत में डीएलएड प्रभारी आर.पी. सिंह ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद दिया। स्काउट गाइड जनक का जन्मदिन स्काउट गाइड दिवस के रूप में मनाया गया संरक्षक डॉ अब्दुल कादिर खान के जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर प्राचार्य को बधाई भी दी गई। इस मौके पर जे.एम.एस ग्रुप चेयरमैन जितेंद्र यादव, मोहम्मद सादिक, आफ्सा तरन्नुम, निसार अहमद, नीतेश प्रजापति,डॉ संतोष सिंह, प्रवीण यादव, अहमद अब्बास खान, तकरीम फात्मा,डीएलएड बैच 2021, 2022 एवं 2023 के सभी प्रशिक्षु मौजूद रहे।

# चार के खिलाफ मारपीट तोड़ फोड़ और छेड़खानी का केस दर्ज

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के पिलकिछा गांव में घर के बगल खेल रहे बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर दो पड़ोसी आपस में भिड़ गए। मारपीट के साथ तोड़ फोड़ व महिला के साथ अभद्रता किए जाने का आरोप लगा है। जिसके आधार पर पुलिस ने तीन सगे भाइयों सहित चार के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी प्रमोद बिंद का आरोप है कि उसके घर के कुछ बच्चे बगल में खेल रहे थे। तभी पड़ोसी असर्फी देवी के घर के भी बच्चे वहां आकर आपस में मिल जुलकर खेलने लगे। किसी बात को लेकर बच्चों में आपसी विवाद हो गया। तभी वहां पहुंची असर्फी देवी, राहुल, महेंद्र और सुरेंद्र बच्चों को पीटने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर उक्त लोगों ने मेरी माता सुशीला देवी, पिता राम जियावन, पत्नी सुमन और भाभी पूनम को लाठी डंडा से पीटकर घायल कर दिया। यह भी आरोप है कि हमलावरों के द्वारा महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# मानवता की मिसाल अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। जहाँ आज भाग दौड़ वाली दुनिया में लोग अपने में परेशान है वहीं पर अतुल वेलफेयर ट्रस्ट के परिवार ने एक बार फिर से मानवता की मिसाल पेश किया। बताते चले अतुल वेलफेयर ट्रस्ट आज जिले में सभी क्षेत्रों में काम कर रहे लोगों के साथ मिलकर समाज में एक मुकाम हासिल किया है जिसकी एक पहल तीसरे समुदाय को भी जोड़कर उनके साथ भी समाजसेवा में एक मिसाल पेश किया! इसी क्रम में खेता सराय में एक बहुत ही गरीब महिला के बीमार होने की सूचना अतुल वेलफेयर ट्रस्ट की किन्नर समाज के अध्यक्ष बिट्टू किन्नर को मिला, वह उनके घर गई और पता चला कि उनकी बहु की बहुत ज्यादा तबियत खराब है खून 2 पॉइंट है ऐसे में उनके पास आने जाने डॉक्टर और दवा के लिए पैसे नहीं थे वह पूरी तरह से असहाय और मजबूर है, ऐसे में बिट्टू किन्नर ने अतुल्य वेलफेयर ट्रस्ट की अध्यक्ष उर्वशी सिंह को फोन से संपर्क किया उर्वशी सिंह ने उन्हें मरीज को जौनपुर लाने के लिए कहा, तब अपने स्वयं साधन से जौनपुर में लाकर मरीज को हॉस्पिटल में एडमिट कराया और संस्था के ही अंकित और कुछ सदस्यों ने तत्काल खून देकर महिला की जान बचाने मे सफल रहे। ट्रस्ट परिवार के द्वारा प्रतिदिन एक दो यूनिट खून की व्यवस्था करके लोगों के लिए लाइफ लाइन बन गयी है। बता दे कुछ दिन पहले एक गरीब घुमंतू बंजारा परिवार की बिटिया के डिलिवरी के लिए ब्लड की कमी के कारण ऑपरेशन होने मे परेसानी हो रहीं थीं, ये खब्बर उर्वशी सिंह को पता चला तो उन्होंने उस बिटिया को रात में जाकर ब्लड मुहैया कराया, जिससे उस बिटिया का ऑपरेशन हुआ और उसने बेटे को जन्म दिया, तब उस बिटिया ने कहा कि मैं आजीवन उर्वशी सिंह की आभारी रहूंगी जहा आज दुःख के समय अपने साथ मे नहीं खड़े रहते हैं ऐसे में एक महिला आज हर वर्ग के लिए खड़ी हो रहीं हैं यह समाज के लिए एक मीसाल है। समाज में उत्कृष्ट कार्य के लिए उनको अटल बिहारी वाजपेयी सम्मान के अलावा अन्य कई सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।आगामी 8 मार्च को महिला दिवस के अवसर पर नारी रत्न से सम्मानित करने के लिए दिल्ली बुलाया गया है।

# विश्व संस्कृति का सेतु रामकथा - प्रोफेसर सूर्य प्रसाद दीक्षित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर दिनांक 21.02. 2024 को भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय लखनऊ में "भाषाओं के मध्य सांस्कृतिक विनिमयरू राम–कथा के विशेष संदर्भ में" विषय पर ज्ञानवार्त्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में हिन्दी और अवधी के मूर्धन्य अध्येता एवं विद्वान प्रोफेसर सूर्य प्रसाद दीक्षित की गरिमामयी उपस्थिति रही। श्री दीक्षित लखनऊ विश्वविद्यालय में हिन्दी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष रहे हैं। हिन्दी, अवधी एवं ब्रज भाषाओं के आधिकारिक विद्वान श्री दीक्षित ने विभिन्न भाषाओं में राम–कथा की उपस्थिति, इसके इतिहास और इसकी विभिन्न शैलियों पर क्रमिक प्रकाश डालते हुए इसकी प्रासंगिकता और उसके ऐसे पहलू जो आम जन–मानस से जुड़े तो हों मगर बिना किसी बोधगम्य व्याख्या के जिन पर हमारी




दृष्टि नहीं जाती, उनका बराबर जिक्र करते हुए श्री दीक्षित ने अपने व्याख्यान को आरंभ से अंत तक ऐसा सुरुचिपूर्ण रखा कि श्रोता मंत्रमुग्ध होकर उन्हें सुनते रहे। इस अवसर पर मंडल विकास अधिकारी, श्री राजेश कुमार मीणा जी ने श्री अतिथि वक्ता का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया और भारतीय स्टेट बैंक परिवार के लिए समय निकालने और विद्वतापूर्ण वक्तव्य के लिए उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की। श्री मीणा ने समय–समय पर ज्ञानवार्त्ता शृंखला के अंतर्गत ऐसे व्याख्यान आयोजित करने के लिए राजभाषा विभाग की प्रशंसा करते हुए इन्हें आगे भी जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन मुख्य प्रबन्धक (राजभाषा), श्री दिवाकर मणि ने किया।

# अवैध शराब बेचने वालों पर प्रवर्तन की कार्यवाही की जाए - जिलाधिकारी

## कर–करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में कर–करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापार कर, आबकारी, परिवहन, विद्युत, खनन सहित अन्य सभी विभागो से राजस्व प्राप्तियों की जानकारी प्राप्त की। आबकारी विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया कि उप जिलाधिकारी पुलिस एवं आबकारी की संयुक्त टीम बनाकर अवैध शराब बेचने वालों पर प्रवर्तन की कार्यवाही की जाए।



वाणिज्यकर विभाग की समीक्षा के दौरान विभाग से जानकारी प्राप्त की पुराने बकाये पर जीएसटी की जो नोटिस दी गई थी उनकी वर्तमान स्थिति क्या है और आरसी के संबंध में पूछा कि अब तक कितनी आरसी दी गई है और उसकी धनराशि क्या है। एआरटीओ प्रशासन ने अवगत कराया कि कार्यालय भवन किराए पर चल रहा है परमानेंट ऑफिस के लिए जगह चिन्हित कर लिया गया है लेकिन उसे पर रास्ते का विवाद है जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि यह आरटीओ के साथ मौके का निरीक्षण करें और रास्ते का विवाद खत्म कराये। वाहन डंपिंग यार्ड के लिए जमीन चिन्हित करने के भी निर्देश उप जिलाधिकारी सदर को दिए गए।

विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान विद्युत चोरी, गलत बिल आने के संबंध में जानकारी ली और निर्देश दिया कि गलत बिल किसी भी दिशा में नहीं आये। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा समस्त उपजिलाधिकारियो को निर्देशित किया गया कि तहसीलों के रिकार्ड रुम में अग्निशमन यन्त्र क्रियाशील रहे।

इसके पश्चात खनन सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बड़े बकायेदारों से आरसी वसूली कराया जाए।

जिलाधिकारी ने एंटी भू–माफिया के तहत हो रही कार्यवाही की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जिस भी भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है वहां पर सम्बन्धित उपजिलाधिकारी अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही करें। दैवीय आपदा में किसी भी प्रकार के भुगतान पेंडेंसी नही पाई गई।

उन्होंने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुराने मामले तथा धारा 24, धारा–80, धारा 67 से जुड़े मामलों का जल्द से जल्द निस्तारण कराए साथ ही उन्होंने पूराने लंबित मुकदमें का निस्तारण जल्द से जल्द कराने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि शिकायतकर्ता जो भी शिकायत लेकर आ रहे है उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। आवास आवंटन, रियल टाइम खतौनी, वरासत, स्वामित्व योजना, घरौनी वितरण आदि की प्रगति की भी समीक्षा की।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0एवंरा0) राम अक्षयबर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद, नगर मजिस्ट्रेट, समस्त उप जिलाधिकारीगण सहित अन्य विभागो के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गोरखपुर शहर में चार जगहों पर शुरू होगा चार्जिंग स्टेशन

गोरखपुर, संवाददाता। गोरखपुर शहर में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के चार्जिंग के लिए नौ स्थानों पर इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन बनाए जाने का काम शुरू हो गया है। गोरखपुर विकास प्राधिकरण एवं अदाणी समूह की कंपनी मेसर्स अदाणी टोटल एनर्जीज ई–मोबिलिटी लिमिटेड (एटीईएल) ने महानगर में चार स्थानों पर फाउंडेशन निर्माण के साथ बिजली विभाग में 60–60 किलोवॉट के चार ट्रांसफार्मर एवं विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन भी कर दिया है। इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग मशीनें भी प्राधिकरण कार्यालय में पहुंच चुकी हैं। फरवरी के अंत तक यह चार चार्जिंग स्टेशन शुरू होने जाने की उम्मीद है। इस पूरी परियोजना पर एटीईएल दो करोड़ रुपये का निवेश करेगा। मेसर्स अदाणी टोटल एनर्जीज ई–मोबिलिटी लिमिटेड (एटीईएल) के निदेशक विवेक आनंद ने प्राधिकरण को नौ स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने का प्रस्ताव दिया था। जिसके अनुपालन में प्राधिकरण 10 साल (2033 तक) के लिए महानगर में नौ स्थानों ईवी चार्जिंग स्टेशन के लिए एटीईएल को सौंप चुका है। प्राधिकरण के प्रभारी मुख्य अभियंता किशन सिंह ने बताया प्राधिकरण एवं एटीईएल के साथ अनुबंध की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। एटीईएल ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना, संचालन और उसके रखरखाव करेगी। बिजली का कनेक्शन भी वही लेंगे। एटीईएल की तरफ से फिलहाल गोरखपुर विकास प्राधिकरण, पैड़लेगंज सुलभ शौचालय, मल्टी लेवल पार्किंग गोलघर और गोरखपुर हाट पार्किंग सिटी माल के सामने फाउंडेशन का काम चल रहा है।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 - 7007415808, 9628325542, 9415034002
RNI सन्दर्भ संख्या - 24/234/2019/R/-1
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।